JHARKHAND STATE POLLUTION CONTROL BOARD

T.A Division Building (Ground Floor) HEC Campus, Dhurwa, Ranchi- 834004.
Phone No:-0651- 2400852, 2400851, Fax No:- 2400850.

पत्रांक– PC/NOC/JSR/31/16 राँची, दिनांक

प्रेषक,
संजय कुमार सुमन,
सदस्य सचिव

सेवा में,
निदेशक,
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग,
राँची।

विषयः झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद का एक सूचना प्रकाशन के सम्बन्ध में (सर्वश्री **Jyoti Pahari Project, (20.331 Ha.), Bahragora, Dist – East Singhbhum, C/O Jharkhand State Mineral Development Corporation Ltd.** का पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई संबंधी)

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के प्रसंग में इस पर्षद् से संबंधित संलग्न सूचना को निम्नलिखित स्थानीय समाचार पत्रों में जो पूर्वी सिंहभूम जिला में पढ़ा जा सके, दर्शाये गये तिथि के अनुसार डी० ए० भी० पी० दर पर प्रकाशन कराया जाय।

1. हिन्दुस्तान, स्थानिय संस्करण जो पूर्वी सिंहभूम में पढ़ा जा सके – एक दिन प्रकाशन तिथि 01.11.2016
2. हिन्दुस्तान टाईम्स, दिल्ली एवं राँची राष्ट्रीय संस्करण – एक दिन प्रकाशन तिथि 01.11.2016

कृपया दर्शाये गये तिथि को (प्रथम एवं अंतिम पृष्ट को छोड़कर) 10 cm X 12 cm में उपरोक्त दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन सुनिश्चित किया जाय। विज्ञापन प्रकाशन के पश्चात विज्ञापित सामग्रियों की दो–दो प्रति विपत्र के साथ संलग्न कर भुगतान हेतु प्रस्तुत करने की कृपा की जाए। विज्ञापन का भुगतान डी० ए० भी० पी० दर पर किया जायेगा।

अनु०–यथोपरि।

विश्वासभाजन,

ह० /--
(संजय कुमार सुमन)
सदस्य सचिव

ज्ञापांक : 9.2049 राँची, दिनांक 28.10.16
प्रतिलिपि :– लेखाशाखा, मुख्यालय राँची / वेवसाईट को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(संजय कुमार सुमन)
सदस्य सचिव

JHARKHAND STATE POLLUTION CONTROL BOARD

T.A Division Building (Ground Floor) HEC Campus, Dhurwa, Ranchi- 834004.
Phone No:-0651- 2400852, 2400851, Fax No:- 2400850.

लोक सुनवाई की सूचना

सर्वश्री **Jyoti Pahari Project, (20.331 Ha.), Bahragora, Dist – East Singhbhum, C/O Jharkhand State Mineral Development Corporation Ltd.** का पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई की तिथि दिनांक **03.12.2016 (दिन– गुरूवार)** को पूर्वाहन 11.00 बजे **ग्राम – ज्योति पहाड़ी खान स्थल, ग्राम – ज्योति पहाड़ी, पो० – गुहियापाल, थाना – बहरागोड़ा, जिला – पूर्वी सिंहभूम** में निर्धारित की गई है।

उक्त योजना से सम्भावित प्रभाव से प्रभावित होने वाले लोगों/नागरिकों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लोक सुनवाई में उक्त तिथि, समय एवं स्थान पर आवश्यक रूप से भाग लें एवं अपने विचार से अवगत करायें। इसके अतिरिक्त वे अपना सुझाव, विचार, मंतव्य अथवा आपत्ति यदि हो तो लिखित रूप से सूचना उक्त लोक सुनवाई की तिथि से **एक सप्ताह के पूर्व** तक झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, टी०ए० भवन, पोस्ट धुर्वा, राँची/जिले के उपायुक्त कार्यालय, **पूर्वी सिंहभूम** पर्षद के **क्षेत्रीय कार्यालय, एम० बी०/15, न्यू हाउसिंग कॉलोनी, आदित्यपुर, जमशेदपुर** में उपलब्ध करा दें।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले किसी भी प्रकार की आपत्ति/सुझाव पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा। लोक सुनवाई की प्रक्रिया पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार की ई०आइ०ए० अधिसूचना संख्या एस०ओ० 1533 दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित अधिसूचना संख्या एस0ओ03067(ई०) दिनांक 01.12.09 के अनुरूप होगा।

यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त प्रोजक्ट का ड्राफ्ट पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तथा इसके सारांश की एक एक हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी निम्न कार्यालयों में अवलोकनार्थ रखी रहेगी। साथ ही कार्यकारी सारांश भी इन कार्यालयों से ही प्राप्त किया जा सकता है।

1. उपायुक्त कार्यालय, **पूर्वी सिंहभूम**
2. जिला उद्योग केन्द्र **पूर्वी सिंहभूम**
3. जिला पर्षद्/नगर निगम/नगरपालिका
4. मुख्यालय, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद,, टी०ए० भवन, पोस्ट धुर्वा, राँची।
5. क्षेत्रीय कार्यालय, झारखण्ड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, **एम० बी०/15, न्यू हाउसिंग कॉलोनी, आदित्यपुर, जमशेदपुर**
6. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, पूर्वी क्षेत्रीय कार्यालय, बंगला न० A/2, श्यामली कॉलोनी, राँची–834002.
7. संबंधित पंचायत।
8. संबंधित प्रखण्ड विकास पदा०/अंचलाधिकारी कार्यालय, **बहरागोड़ा**

(संजय कुमार सुमन)
सदस्य सचिव

Xess/Public Hearing/164